जागरण

दिल्ली में फर्जी वीजा रैकेट का भंडाफोड़, नकली पासपोर्ट के साथ दबोचे गए चार नाइजीरियाई




**जागरण संवाददाता, दक्षिणी दिल्ली।** दिल्ली में दक्षिणी जिला पुलिस के स्पेशल स्टाफ ने बुराड़ी इलाके में चल रहे एक फर्जी वीजा व पासपोर्ट रैकेट का भंडाफोड़ कर चार नाइजीरियन नागरिकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपियों में नवाचुकु बेंजामिन, इमैनुएल इफियानीचुकु, पॉल ओलिसामेका और प्रेशियस ओसासेरे शामिल है। पुलिस ने इनके पास से एक लैपटॉप, एक कलर प्रिंटर, सात मोबाइल फोन, एटीएम कार्ड, पेन ड्राइव, छह नकली वीजा-पासपोर्ट और 17 हजार रुपये बरामद किए हैं।

पिछले दिनों पुलिस ने कोकीन के साथ अफ्रीकी मूल के दो नागरिकों को गिरफ्तार किया था। उनके पासपोर्ट पर फर्जी वीजा लगे थे। उनसे पूछताछ के बाद पुलिस इस रैकेट तक पहुंची।

Source: https://www.jagran.com/delhi/new-delhi-city-ncr-fake-visa-racket-busted-in-delhi-and-four-nigerian-nationals-arrested-24048053.html